भारत ने गतिशील प्रजातंत्र के रुप में पहचान बनाई-राज्यपाल

26-1-2017

चंडीगढ़, 26 जनवरी- हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर कप्तान सिंह सोलंकी ने गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर कुरुक्षेत्र में द्रोणाचार्य स्टेडियम में राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण कर सलामी ली।

इससे पहले राज्यपाल प्रोफेसर कप्तान सिंह सोलंकी, विधायक सुभाष सुधा, विधायक डा. पवन सैनी ने लघु सचिवालय के परिसर में शहीदी स्मारक पर पुष्पचक्र भेंटकर शहीदों को नमन किया और श्रृद्धाजंलि अर्पित की।

राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर प्रदेश वासियों को संदेश देते हुए कहा कि गणतंत्र बनने के बाद भारत ने एक सुदृढ़ और गतिशील प्रजातंत्र के रुप में समस्त विश्व में अपनी एक पहचान बनाई है। इस राष्ट्रीय पर्व से आजादी के आंदोलन की अनेक यादें जुड़ी हुई है, क्योंकि गणतंत्र बनने से पहले गुलामी की बेडिय़ों को काटकर देश के नागरिकों को स्वतंत्रता की खुली हवा में सांस लेने का मौका हजारों वीरों के बलिदान ने दिया। इसलिए पावन पर्व पर अमर शहीदों और स्वतंत्रता सैनानियों का नमन करना चाहिए और उनके दिखाए मार्गों पर चलने का प्रयास करना चाहिए।

ध्वजारोहण के दौरान प्रशासन की तरफ से हवा में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए। राज्यपाल ने प्रदेश वासियों को 68वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस के इस पावन पर्व पर भारत ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का नागरिक होने का गौरव प्राप्त किया। 67 वर्ष पहले 26 जनवरी, 1950 को भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा और विशेष संविधान अपनाया और भारत एक प्रभुत्व सम्पन्न गणराज्य बना। इस संविधान में समानता, न्याय और उच्च आदर्शों, सभी को विचारों की आजादी और उन्नति के समान अवसर दिए गए।

उन्होंने कहा कि गणराज्यों के रुप में स्वशासन देश की प्राचीन परम्परा है। स्वशासन को ही पाने के लिए देश के लोगों ने लम्बे समय तक आजादी की लड़ाई लड़ी। आजादी की लड़ाई के दौरान अनेक शहीदों और स्वतंत्रता सैनानियों ने एक स्वतंत्र, शक्तिशाली व महान भारत के सपने संजोए थे। ऐसे आदर्श राज्य की कल्पना की थी, जिसमें जाति, धर्म, रंग अथवा वर्ग के आधार पर कोई भेदभाव न हो। इसके अनुकूल शासन प्रणाली बनाना बहुत बड़ी चुनौती थी,

जिसे बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जैसे संविधान निर्माताओं ने बड़ी सूझ-बूझ से संविधान तैयार कर लोकजन को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि ग्लोबलाईजेशन के इस युग की हर चुनौती का सामना करने में भारत सक्षम है और भारत को 21**वीं सदी में फिर से विश्वगुरु का दर्जा मिलेगा। इस लक्ष्य के लिए हरियाणा लगातार प्रगतिशील, सामाजिक, आर्थिक नीतियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से देश की अर्थ व्यवस्था और प्रजातांत्रिक सिंद्धातों को भी सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। स्वर्ण जयंती वर्ष के दौरान सरकार ने** 50 **स्वर्णिम लक्ष्य निर्धारित किए है जो राज्य के विकास का रोड़ मैप साबित होंगे।**

राज्यपाल ने कहा कि आधी सदी की इस विकास यात्रा में हरियाणा राज्य प्रति व्यक्ति आय, औद्योगिक उत्पादन, विदेशी निवेश, शिक्षा, खेल, कृषि, परिवहन, आटो मोबाईल, आईटी, बायो-टेक्नोलोजी आदि क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन गया है। राज्य में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। यह हर साल 7 **प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ रही है। इतना ही नहीं कृषि प्रधान राज्य ने औद्योगिकीकरण, हरित और श्वेत क्रांति के बाद सूचना तकनीक क्रांति के प्रयोग में भी प्रदेश सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।** 100 **गांवों में वाई-फाई सुविधा दी जा चुकी है। हरियाणा देश में मोबाईल की पहुंच वाले** 10 **बड़े राज्यों में से एक है। सरकार की उद्यम प्रोत्साहन नीति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया विजन को साकार कर रही है। अब** 173 **गांवों को म्हारा गांव-जगमग गांव योजना के तहत** 24 **घंटे बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। खेलों के क्षेत्र में रियो ओलम्पिक में बेटी साक्षी मलिक और पैराओलम्पिक में बेटी दीपा मलिक ने पदक जीतकर देश व प्रदेश का मान बढ़ाया। प्रदेश में पारदर्शी सुशासन व समयबद्ध सरकारी सेवाएं प्रदान करने के लिए बड़े पैमाने पर ई-सेवाएं शुरु की है। इतना ही नहीं राज्य के हर गांव में ग्राम सचिवालय बनाने की योजना के तहत अब तक** 987 **ग्राम सचिवालय बनाए जा चुके है।**

उन्होंने कहा कि हरियाणा कौशल विकास मिशन के तहत हर साल 1 **लाख** 15 **हजार युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। हर जिले में एक मेडिकल कालेज और कुरुक्षेत्र में देश का पहला आयुष विश्वविद्यालय खोला जा रहा है। प्रदेश में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आए है, जिसके चलते राज्य में लिंगानुपात** 900 **के आंकड़े को पार कर गया है। स्वच्छता के क्षेत्र में साल के अंत तक पूरे प्रदेश को खुले से शौचमुक्त करने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के** 2022 **तक हर परिवार को मकान देने के सपने के अनुरुप गरीबों के लिए** 882 **करोड़** 50 **लाख रुपए की लागत से** 11 **हजार** 259 **फ्लैटस बनाने की मंजूरी**

सरकार ने दी है। उन्होंने कहा कि गीता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इस बार राज्य सरकार द्वारा गीता जंयती खंड और जिलास्तर पर मनाने के साथ-साथ कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

इस राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा विशेष तौर पर संविधान प्रस्तावना गीत की दी गई प्रस्तुति को सभी ने सराहा। इस प्रस्तुति में डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों का योगदान रहा। इसके उपरांत राज्यपाल ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय और सराहनीय कार्य करने वाले 46 अधिकारियों, कर्मचारियों, संस्थाओं, पत्रकारों आदि को प्रंशसा पत्र देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर विधायक सुभाष सुधा, विधायक डा. पवन सैनी, हरियाणा के मुख्य सचिव डी.एस. ढेसी, पुलिस महानिदेशक डा. के.पी. सिंह, अम्बाला मंडल के आयुक्त चंद्रप्रकाश, गवर्नर के सचिव अमित अग्रवाल, उपायुक्त सुमेधा कटारिया, आईजी सुभाष यादव, पुलिस अधीक्षक अभिषेक गर्ग, अंडर ट्रेनिंग आईएएस अधिकारी राहुल हुड्डा, नप अध्यक्षा उमा सुधा, एडीसी धर्मवीर सिंह, एसडीएम नरेन्द्र पाल मलिक, नगराधीश डा. गौरव अंतिल, भाजपा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर मिर्जापुर, जिला परिषद के चेयरमैन गुरदयाल सुनहेड़ी, ब्लाक समिति के चेयरमैन देवी दयाल शर्मा, पूर्व विधायक बंता राम, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामपाल पाली सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

बाक्स

भारी बरसात भी नहीं रोक पाई जवानों के जज्बे को, आईपीएस शंशाक कुमार सावन ने की परेड कमांड

भारी बरसात भी राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में जवानों के जज्बे को रोक नहीं पाई। बरसात के बीच परेड की कमांड झज्जर के एएसपी आईपीएस अधिकारी शशंाक कुमार सावन सम्भाली। इस परेड में पहली टुकड़ी एचपीए मधुबन महिला विंग थी। इस टुकड़ी की कमान एएसआई परमजीत कौर कर रही थी। दूसरी टुकड़ी जिला पुलिस की कमांड एसआई भीम सिंह, तीसरी टुकड़ी एचपीए मधुबन की कमान एएसआई रामकुमार, चौथी टुकड़ी होमगार्ड की कमांड एसआई प्रताप सिंह, पांचवी टुकड़ी एनसीसी गुरुकुल की कमांड कैडेट रविन्द्र, छटी टुकड़ी एनसीसी गुरुकुल की कमांड कैडट विशू राठी, सातंवीं टुकड़ी एनसीसी गर्ल्स विंग की कमांड ईशा सहारन, आठवीं टुकड़ी प्रजातंत्र के प्रहरी की कमांड संस्कार, नौंवी टुकड़ी पुलिस विद्या मंदिर डीएवी स्कूल की थी। इस परेड में पहला स्थान महिला पुलिस की टूकड़ी को मिला, दूसरा

स्थान एनसीसी जूनियर विंग गुरुकुल कुरुक्षेत्र् और तीसरा स्थान हरियाणा पुलिस अकेडमी मधुबन को मिला।

बाक्स

पीटीसी सुनारिया रोहतक के जवानों ने प्रस्तुत की शानदार मास पीटी

गणतंत्र दिवस समारोह में बरसात के बीच पीटीसी सुनारिया रोहतक से 410 जवानों ने निरीक्षक विजय पाल के नेतृत्व में शानदार मास पीटी शो की प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति की राज्यपाल प्रोफेसर कप्तान सिंह सोलंकी, विधायक सुभाष सुधा, विधायक डा. पवन सैनी, हरियाणा के मुख्य सचिव डीएस ढेसी, पुलिय महानिदेशक डॉ० के.पी. सिंह, उपायुक्त सुमेधा कटारिया, आईजी सुभाष यादव, पुलिस अधीक्षक अभिषेक गर्ग ने तालियां बजाकर जवानों द्वारा प्रस्तुत की गई परेड की पुरजोर प्रशंसा की। इस मॉस पीटी को एक सप्ताह के अंदर तैयार किया गया और मॉस पीटी में सभी पूर्व कर्मचारी शामिल थे और इन जवानों ने मॉस पीटी के अंतर्गत भारत का नक्शा, फुल तथा पीटीसी की बाऊंड्री को नक्शा बनाकर दर्शाने का अनोखा काम किया।

मुख्यमंत्री स्कूल सौन्दर्यीकरण योजना
हरियाणा
प्रशस्ति-पत्र
2016-17
राजकीय उच्च विद्यालय
सिरसमा (कुरुक्षेत्र)

समारोह
26

समारोह
गणतंत्र
26